# केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर
## प्रथम आवधिक परीक्षा (2024-25)
## विषय:- हिन्दी

**कक्षा:-6** **पूर्णांक:- 40** **समय:- 1:30 घंटे**

प्रश्न सं. 1) अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -1x5=5

वाणी' ही मनुष्य को लोकप्रिय बनाती है। यदि मनुष्य मीठी वाणी बोले, तो वह सबका प्यारा बन जाता है और जिसमें अनेक गुण होते हुए भी यदि उसकी 'बाणी' मीठी नहीं है तो उसे कोई पसंद नहीं करता। इस उदाहरण को कोयल और कौआ के तथ्य से अच्छी तरह से समझा जा सकता है। दोनों देखने में एक समान होते हैं, परंतु कौए की कर्कश आवाज़ और कोयल की मधुर वाणी दोनों की अलग-अलग पहचान बनती है, इसलिए कौआ सबको अप्रिय और कोयल सबको प्रिय लगती है। मीठी वाणी बोलने वाले कभी क्रोध नहीं करते बल्कि प्रेम सौहार्द से समाज में मेल-जोल बढ़ाते हैं।

क- मनुष्य को लोकप्रिय कौन बनाती है ?

ख -कोयल और कौवे में क्या समानता है ?

ग- कैसे व्यक्ति को कोई पसंद नहीं करता है ?

घ- कोयल सबको प्रिय क्यों होती है ?

च -गद्यांश का उचित शीर्षक क्या है ?

**प्रश्न(2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। (1x7=7)**

(1)संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

i.सर्वनाम ii.क्रिया iii.विशेषण iv.अवयव

(2)"उसके पास लाल फूल है।" इस वाक्य में 'विशेषण' कौन सा शब्द है?

i.उसके ii.पास iii.लाल iv.फूल

(3)निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?

i.बचपन ii.लड़का iii. राम iv.भीड़

(4) **नदी** का पर्यायवाची शब्द है

i. नग ii. सरिता iii. पृथ्वी iv.गगन

(5) "राम ने मुझे पुस्तक दी।" वाक्य में ' मुझे ' है -

i. संज्ञा ii. सर्वनाम iii. विशेषण iv. क्रिया

(6) 'हवा' का पर्यायवाची शब्द है-

i. मेघ ii. पवन iii. सरिता iv. तोय

(7) इनमे से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है -

(i) आर्शीवाद (ii) उज्ज्वल (iii) स्वतंत्रता (iv) आविष्कार

प्रश्न 3:-निम्नलिखित शब्दों का उनके विलोम शब्द से मिलान करिए - 1× 4=4

| | |
|---|---|
| वीर | अपमान |
| उपकार | नीरस |
| सम्मान | अपकार |
| सरस | कायर |

**प्रश्न 3) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

झरने अनेक झरते जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं, हो मस्त झाड़ियों में।
अमराइयाँ घनी हैं कोयल पुकारती है,
बहती मलय पवन है, तन मन सँवारती है।
वह धर्मभूमि मेरी, वह कर्मभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी वह मातृभूमि मेरी।

प्रश्न क ) पाठ का नाम एवं कवि का नाम लिखें । 2

प्रश्न ख) कविता की इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करो:- अमराइयाँ घनी हैं, कोयल पुकारती है। 2

प्रश्न ग) झरने कहां से झरते हैं? 1

प्रश्न घ) कोयल कहां रहती है? 1

**प्रश्न 5) मातृभूमि कविता के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दें। (2x4=8)**

क) श्रीकृष्ण ने क्या सुनाया था ?
ख) गौतम बुद्ध ने जग को क्या सिखाया ?
ग ) गौतम ने किसका यश बढ़ाया ?
घ ) भारत में कौन सी नदियाँ लहर रहीं हैं ?
ड) कवि ने भारत को कौन कौन सी भूमि कहा है ? कोई चार उदाहरण लिखें 1

**प्रश्न 4) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखें - 5**

**क) विद्यालय में मेरा प्रथम दिन ख) मेरा दसवाँ जन्मदिन ग) मेरी पहली रेल यात्रा**

प्रश्न 8:- अपनी कक्षा का पंखा का ठीक कराने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए। 5